report of the Fact Finding Board it has been decided to take disciplinary action against the then CMD. ET&T and other errant officials of ET&T Limited. Accordingly, chargesheet has been issued to the then CMD. ET&T and the report of the Board of Enquiry has been forwarded to the present CMD. ET&T for taking action against other errant officers.

(e) Does not arise.

Conversion of rail lines from Trichy to Nagoor

1027. SHRI PASUMPON THA. KIRUTTINAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the total amout allotted for conversion of MG line into B.G. line from TRICHY to NAGOOR in Southern Railway for the year 1995-96.

(b) the amount spent on this project till October, 1995;

(c) whether Government have decided to stop the conversion work on this line;

(d) if so, what are the reasons therefore;

(e) by when this project is expected to be completed;

(f) whether the M.G. line from Trichy to Dindigul will also be converted into B.G. line; and

(g) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SURESH KALMADI): (a) Rs. 2 Crs.

(b) Rs. 3.60 crs.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

(e) The target date is 31-12-1997.

(f) Yes, Sir.

(g) Does not arise.

पाकिस्तान का रक्षा व्यय

1028. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पाकिस्तान अपने वार्षिक बजट का कितना प्रतिशत रक्षा पर व्यय करता है;

(ख) क्या यह भारत की तुलना में कम है या अधिक है;

(ग) पाकिस्तान ने किन-किन देशों से कितने-कितने हथियार प्राप्त किये हैं; और

(घ) सरकार ने पाकिस्तान की हथियार वृद्धि का मुकाबला करने के लिए क्या-क्या कदम उठाये हैं?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (रक्षा विभाग और रक्षा) अनुसंधान तथा विकास विभाग) (श्री मल्लिकार्जुन): (क) से (घ) उपलब्ध प्रकाशित सूचना के अनुसार वर्ष 1994-95 के लिए पाकिस्तान का रक्षा आबंटन 101.849 बिलियन पाकिस्तानी रुपए था जोकि कुल संघीय सरकारी बजट का 34.52% था। वर्ष 1995-96 के लिए, पाकिस्तान के रक्षा बजट के लिए 115.25 बिलियन पाकिस्तानी रुपए आबंटित किए गए हैं।

इन्हीं वर्षों के लिए भारत का रक्षा बजट कुल सरकारी व्यय का मात्र 14.51% और 14.81% रहा, जोकि भारतीय रुपए में क्रमशः 235.44 बिलियन रुपये और 255.00 बिलियन रुपये बैठता है।

हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाली पड़ोसी देशों की गतिविधियों और खतरे के आकलन की लगातार समीक्षा की जाती है। पाकिस्तान द्वारा विभिन्न देशों से हथियार प्राप्त करने के मामलों पर लगातार नजर रखी जाती है।

पर्याप्त रक्षा तैयारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार समुचित उपाय करती है।